प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 अगस्त 2022

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की उधार और जमा दरें - अगस्त 2022

अगस्त 2022 के महीने के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की उधार और जमा दरों से संबंधित आंकड़ा सारणी 1 से 5 में दी गई हैं।

मुख्य बातें:

उधार दरें:

- माह-दर-माह आधार पर, एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) जून 2022 में 7.94 प्रतिशत से 24 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर जुलाई 2022 में 8.18 प्रतिशत हो गई।
- घरेलू बैंकों में, सरकारी क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लिए नए रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर जुलाई 2022 में 14 बीपीएस बढ़कर 7.46 प्रतिशत हो गया, जबकि निजी बैंकों (पीवीबी) के लिए, यह महीने के दौरान 15 बीपीएस बढ़कर 9.05 प्रतिशत हो गया।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर जुलाई 2022 में 8.93 से 8 बीपीएस बढ़कर 9.01 प्रतिशत हो गया। घरेलू बैंकों में, जुलाई 2022 के दौरान पीएसबी और पीवीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर में क्रमशः 5 बीपीएस और 10 बीपीएस की वृद्धि हुई।
- एससीबी की निधि आधारित उधार दर की 1-वर्षीय औसत सीमांत लागत (एमसीएलआर) जुलाई 2022 में 7.55 प्रतिशत से 10 बीपीएस बढ़कर अगस्त 2022 में 7.65 प्रतिशत हो गई।
- पीएसबी के लिए, 1-वर्षीय औसत एमसीएलआर जुलाई 2022 में 7.55 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त 2022 में 7.65 प्रतिशत हो गया। पीवीबी के मामले में, यह महीने के दौरान 3 बीपीएस बढ़कर 8.53 प्रतिशत हो गया।

जमा दरें:

- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाराशियों के लिए भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) जून 2022 में 5.13 प्रतिशत से 9 बीपीएस बढ़कर जुलाई 2022 में 5.22 प्रतिशत हो गई।
- पीएसबी के लिए डब्ल्यूएडीटीडीआर जून 2022 में 5.17 प्रतिशत से 10 बीपीएस बढ़कर जुलाई 2022 में 5.27 प्रतिशत हो गया, जबकि पीवीबी के लिए, यह जून 2022 में 5.25 प्रतिशत से 5 बीपीएस बढ़कर जुलाई 2022 में 5.30 प्रतिशत हो गया।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/794